तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

मुकदमा संख्या :- 36 / 2022

बलूताराम वगै0 बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर. एक्ट

16-09-2022

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थना पत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं कि ग्राम हनुमानपुरा पटवार मंडल देरवाला में हाल खसरा नम्बर 78, 79 कुल किता 2 कुल रकबा 3.73 है0 स्थित है जिसमें प्रार्थीगण खातेदार काश्तकार हैं तथा प्रार्थीगण अपने अपने हिस्से पर काबिज काश्त है। प्रार्थी बलाराम उर्फ बलदेव सिंह द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात आधार कार्ड, पहचान पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र, सेवा निवृत पुस्तिका, पैन कार्ड तथा प्रार्थी बलूताराम के द्वारा प्रस्तुत फोटो पहचान पत्र, जन आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, राशन कार्ड के आधार पर बलाराम पुत्र नारायणराम तथा प्रार्थी बलूताराम पुत्र नारायणराम के स्थान पर उक्त राजस्व रिकार्ड में पिता का नाम उदाराम दर्ज करवाने का निवेदन किया है। उक्तानुसार प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार झुन्झुनू से प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों बाबत रिपोर्ट चाही गई। तहसीलदार झुन्झुनू ने पत्रांक भू0अ0 / 2022 / 2488 दिनांक 17.08.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रेषित की गई जिसे शामिल मिशल किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं रिपोर्ट तहसीलदार झुन्झुनू का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात मतदाता सूची वर्ष 1966, कार्यालय ग्राम पंचायत देरवाला द्वारा जारी प्रमाण पत्र, प्रार्थी बलाराम उर्फ बलदेव सिंह द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात आधार कार्ड, पहचान पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र, सेवा निवृत पुस्तिका, पैन कार्ड तथा प्रार्थी बलूताराम के द्वारा प्रस्तुत फोटो पहचान पत्र, जन आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, राशन कार्ड में प्रार्थी के पिता का नाम उदाराम दर्ज होना जाहिर है। अतः उक्त दस्तावेजाती तथ्यों के आधार पर प्रार्थीगण के पिता का नाम ग्राम हनुमानपुरा पटवार मंडल देरवाला में हाल खसरा नम्बर 78, 79 कुल किता 2 कुल रकबा 3.73 है0 में नारायणराम के स्थान पर उदाराम दर्ज किया जाना उचित एवं न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः उक्त रिकार्ड एवं तहसीलदार झुन्झुनू की अभिशंषा के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट न्यायालय मत पर स्वीकार किया जाना उचित एवं न्यायोचित है। अतः

आदेश

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट स्वीकार किया जाता है। ग्राम हनुमानपुरा पटवार मंडल देरवाला में स्थित खाता संख्या नया 40 के हाल खसरा नम्बर 78, 79 कुल किता 2 कुल रकबा 3.73 है0 में खातेदार (प्रार्थीगण) के पिता का नाम नारायणराम के स्थान पर उदाराम शुद्ध करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार झुन्झुनू को आदेशित किया जाता है कि उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर पालना करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

उप खण्ड अधिकारी
झुन्झुनू (राज.)